# प्रेस नोट दिनांक-13.04.2025

## थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

**थाना सैयदराजा द्वारा एक ट्रक वाहन संख्या UP61T0285 से कुल 15 राशि गोवंश (गाय) का बरामदगी करते हुए कुल 03 शातिर गोवंश तस्करों को किया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद के रास्ते गौ तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सदर, अनंत चन्द्रशेखर व क्षेत्राधिकारी सदर, राजेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 13.04.2025 को उ0नि0 धर्मदेव प्रसाद मय हमराहियान द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एनएच 02 हाइवे पर स्थित ग्राम बरठी कमरौर के पास एक ट्रक वाहन संख्या UP 61 T 0285 से कुल 15 राशि गोवंश गाय को बरामद किया गया। उक्त वाहन के चालक व चालक सीट के बगल में बैठे दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

उपरोक्त वाहन चालकों द्वारा ट्रक UP 61 T 0285 उपरोक्त पर पुलिस से बचने हेतु त्रिपाल से ढककर गोवंशो को ले जा रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 84/25 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रुरता निवा. अधि. का अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास व गोतस्करी में सम्मलित अन्य अभियुक्तों के सम्बन्ध थाना स्थानीय द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.प्रेम रोशन पुत्र रामाश्रय राम निवासी ग्राम बराहीपुर थाना चौबपुर जिला वाराणसी

2.साजन कुमार पुत्र छेदी चौहान निवासी ग्राम उकथी थाना चौबेपुर जिला वाराणसी

3.शुभम यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी ग्राम जाल्हुपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी

**गिरफ्तारी व बरादगी का स्थान व समय-**

एनएच 02 हाइवे पर स्थित ग्राम बरठी कमरौर हाईवे के सामन

दिनांक 14.04.2025 समय करीब 05.10 बजे

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक ट्रक वाहन संख्या UP61 T 0285

2.15 राशि गोवंश (गाय)

3.एक मोबाइल एन्ड्रायड वीवो कम्पनी

4.1000 नगदी रुपया

**गिरफ्तारी व बरामदगी मे पुलिस टीम का विवरण –**

1.प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय- थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

2.उ0नि0- धर्मदेव प्रसाद थाना सैयदराजा चन्दौली।

3.हे0का0 संतोष कुमार सैयदराजा चन्दौली।

4.का. अनन्त राय थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

5.का. शंकर राम थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली